'नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री पर सख्त करवाई होगी'

कलेक्टर की अध्यक्षता में कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई

- **जिले में अफीम जैसे मादक पदार्थों का कोई रूट नहीं है परंतु जिले में गांजे के प्रकरण सामने आने पर समय-समय पर कार्यवाही की गई है।**
- **बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी से अभी तक 23.075 किलो गांजा भिवाड़ी पुलिस द्वारा एवं 8 किलो 323 ग्राम गांजा खैरथल पुलिस द्वारा पकड़ कर कार्रवाई की गई।**

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में नार्कोटिक कोआर्डिनेशन केंद्र की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम या गांजे की अवैध खेती, ट्रामाडोल कोडिन आधारित खांसी की दवाई, भांग के वैध ठेको पर संचालित अवैध गतिविधियों की रोकथाम, पुलिस विभाग में अन्य विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम और दवाइयां के हानिकारक प्रभाव के प्रावधान के बारे में जागरूकता साहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान पुलिस को जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी तथा बेचान के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बताया कि जिले में अफीम जैसे मादक पदार्थों का कोई रूट नहीं है परंतु जिले में गांजे के प्रकरण सामने आने पर समय-समय पर कार्यवाही की गई है।

बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी से अभी तक 23.075 किलो गांजा भिवाड़ी पुलिस द्वारा एवं 8 किलो 323 ग्राम गांजा खैरथल पुलिस द्वारा पकड़ कर कार्रवाई की गई। भिवाड़ी पुलिस ने कार्यवाही कर 153.6 ग्राम स्मेक, 86.8 ग्राम चिट्टा, 13.65 किलो डोडा चूरा जप्त किया। इसी प्रकार खैरथल पुलिस द्वारा 149 प्रकरणों में 128 लोगों को गिरफ्तार कर 1947 लीटर हथखड़ शराब एवं 15 लीटर अंठोजी शराब जप्त की, एवीएन भिवाडी पुलिस द्वारा 188 प्रकरणों में 180 लोगों को गिरफ्तार कर 960 लीटर हथकड़ एवं 833.80 लीटर देसी शराब एवं 5.22 लीटर अंठोजी शराब जप्त की।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में ड्रग की समस्या से निपटने में युवाओं और महिलाओं की भागीदार हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं तथा नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के क्रम में सभी कार्यालयों के कार्मिकों, स्कूल एवं कॉलेज में नशा विरुद्ध अभियान की प्रेरणा स्वरूप एक शपथ दिलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को हर माह नशा मुक्ति शिविर लगाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

क्विज प्रतियोगिता में भदवासी स्कूल ने मारी बाजी

- **पहला कदम एक द्वितीय पहल का द्वितीय संस्करण प्रारम्भ**
- **शाला कार्यक्रमों का संचालन बालक करें : अरूण कुमार पुरोहित**

नागौर । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालवा में नागौर जिला प्रशासन की पहल पर गत वर्ष से आयोजित विद्यार्थियों के निमित्त क्विज प्रतियोगिता का प्रथम चरण संपन्न हुआ। इस द्वितीय संस्करण के पहले चरण में नागौर जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भामाशाह अरविंद अठावाल, बालवा के पूर्व सरपंच किशोर सिंह राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता पूनाराम मेघवाल, नागौर तहसीलदार नरसिंह टाक विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे।

क्विज प्रतियोगिता के समापन सत्र में उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपने कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किये।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला कलक्टर ने कहा कि जो हार नहीं मानता है वही जीतता है। विद्यार्थी को अपने जीवन में कला, शिक्षा, खेल व राजनीति आदि क्षेत्र में हार नहीं माननी है। विभिन्न स्पर्धा में हारने के बाद अगर मन में यह धारण कर लिया कि यह असफलता ही सफलता की पूंजी है तो हम आगे सफलता निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने नागौर जिले में भामाशाहों की सराहना करते हुए विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय कक्षा कक्ष निर्माण में उनकी भूमिका के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने शिक्षकों से आ ान किया कि विद्यालय के कार्यक्रमों में जिस प्रकार से अध्यापक कार्यक्रमों का संचालन करते हैं उसी प्रकार से नवाचार करते हुए बालकों के समूह से शाला के विविध कार्यक्रमों की व्यवस्था व उनके संचालन का दायित्व दें जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो तथा उनके नेतृत्व के गुणों में भी बढ़ोतरी हो। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रमों में बालकों की सहभागिता को बढ़ाने का आठाह किया। उन्होंने विद्यालय के विकास में अभिभावकों, भामाशाहों व अभिभावकों के समन्वित प्रयास पर बल दिया। जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र छात्राएं भी विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा, उत्सव जयंती, प्रश्न मंच आदि कार्यक्रमों का संचालन करें।

इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कैसी भी परिस्थिति क्यों ना आ जाए विद्यार्थी जीवन में कभी हार ना मानें। इस प्रकार की प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख देती है। उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रश्न मंच एक प्रकार से जीवन दर्शन है। जीवन चक्र में कभी भी कठिन प्रश्नों से सामना करना पड़ सकता है जिसका समाधान व उत्तर के लिए परिश्रम की महत्ती भूमिका है।जीवन के किसी भी स्तर पर असफलता को अपने ऊपर हावी ना होने दें।सकारात्मक ऊर्जा से जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहें।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त भी परिवेश को अनुभव करके ज्ञान अर्जित करें। विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जी पी टी का प्रयोग अध्ययन में करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने मन में स्वयं से प्रतिस्पर्धा करें।

डॉक्टर जीएस राठौड़ सेवानिवृत,अस्पताल कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी

35 साल की सेवा पूरी करने के बाद पीएमओ डॉक्टर जीएस राठौड आज सेवानिवृत्त हो गए।

- **अनेकों कर्मचारी भाउक हो गए वही अपने साथियों के बिछडने पर डॉक्टर राठोड भी उदास हो गए लेकिन यह तो हर कर्मचारी के साथ होना ही होता है एक समय सभी को सेवा निवृत होते हुए अपने साथियों से दूर होना पड़ता है।**

अलवर। काला कुआं सैटेलाइट अस्पताल में अपनी 35 साल की सेवा पूरी करने के बाद पीएमओ डॉक्टर जीएस राठौड आज सेवानिवृत्त हो गए। डॉक्टर राठोड को अस्पताल के कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।

डाक्टर जीएस राठोड ने काला कुआं सैटेलाइट अस्पताल में करीब साढ़े 18 साल अपनी सेवाएं दी अपने व्यवहार और मरीजों की देखभाल के कारण बीस-बीस किलोमीटर दूर से मरीज उनसे उपचार कराने आने लगे थे आज भी उन्होंने अपने अन्तिम दिन मरीजों को दो बजे तक देखा डाक्टर राठोड की सेवानिवृति पर अनेको महिला मरीजों की आंखों से आंसू आ गए और वे भाउक होकर कहने लगी अब हमें कौन देखेगा हमारा कौन इलाज करेगा। मरीजों को भाउक होता देख डॉक्टर राठोड ने उनसे कहा कि आप चिन्तित ना हो मैं आपकी सेवा बाहर भी करूंगा आप मेरे घर आकर दिखा सकते है वो भी नि:शुल्क मेरे घर के दरवाजे मरीजों के लिए चौबीस घंटे खुले रहेगे। डॉक्टर राठोड द्वारा मिले आश्वासन के बाद मरीजों ने राहत की सांस ली।दो बजे बाद अस्पताल के स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया जिसमें डॉक्टर राठोड द्वारा अस्पताल के लिए अर्जित की गई उपलब्धियों के बारे में बताया गया और उन्हें फूल मालाओं से लाद कर साफा पहना कर पूरा स्टाफ उन्हें घर तक छोडने गया। इस अवसर पर अनेकों कर्मचारी भाउक हो गए वही अपने साथियों के बिछडने पर डॉक्टर राठोड भी उदास हो गए लेकिन यह तो हर कर्मचारी के साथ होना ही होता है एक समय सभी को सेवा निवृत होते हुए अपने साथियों से दूर होना पड़ता है। इस अवसर पर डॉक्टर राठोड ने अस्पताल कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

स्कूल में एडमिशन की लास्ट डेट बढ़ी

बीकानेर । प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में अब क्लास 9 से 12 तक के स्टूडेंट्स को 16 अगस्त तक एडमिशन मिल सकेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने देर रात आदेश जारी किया है। दरअसल, पहले 31 जुलाई ही एडमिशन की लास्ट डेट थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है।

राज्य के कई जिलों में बारिश, बाढ़ और अतिवृष्टि जैसे हालात के चलते स्कूलों में छुट्टियां चल रही है। खासकर पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में स्टूडेंट्स अपनी स्कूल तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। ऐसे में एडमिशन की लास्ट डेट को लेकर शिक्षक संगठनों ने मुद्दा उठाया था। इसके बाद शिक्षा निदेशालय ने देर रात इस संबंध में आदेश जारी किया। निदेशक सीताराम जाट ने आदेश में कहा कि नामांकन में बढ़ोतरी और ड्रॉप आउट स्टूडेंट्स को स्कूल से जोड़ने के लिए एडमिशन की लास्ट डेट में बढ़ोतरी की जा रही है। अब स्टूडेंट्स 16 अगस्त तक एडमिशन ले सकेंगे। कक्षा एक से आठ तक के एडमिशन सालभर होते हैं।

शिक्षा निदेशक की ओर से जारी आदेश में सोलह अगस्त तक एडमिशन की बात कही गई है,जबकि हकीकत में एडमिशन 14 अगस्त तक ही हो सकेंगे। दरअसल, पंद्रह अगस्त को स्कूल में काम नहीं हो पाता, वहीं सोलह अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा।

नांदिया गैंग के मुख्य शूटर को पकड़ा

- **राज्य स्तरीय टॉप 25 में है शामिल**
- **25 हजार का भी इनाम कर रखा था घोषित**
- **ग्रामीण पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते**

जोधपुर, (कासं)। ग्रामीण पुलिस की जिला स्पेशल टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विक्रमसिंह नांदिया गैंग के मुख्य शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वह राज्य स्तरीय टॉप 25 में शामिल है और उस पर 25 हजार का भी इनाम घोषित है। उसके खिलाफ लूट, चोरी, हत्या, एनडीपीएस एक्ट एवं आम्र्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में कुल 11 प्रकरण दर्ज हैं।

ग्रामीण एसपी नारायण टोगस ने बताया जिला विशेष टीम ने शूटर पालड़ी राणावता निवासी बजरंग सिंह पुत्र सोहन सिंह को दस्तयाब किया है। बजरंग सिंह के खिलाफ पुलिस थाना बोरानाडा में हत्या का प्रयास और आम्र्स एक्ट का मामला दर्ज है जिसमें वह तीस माह से फरार चल रहा था। इसके अलावा कैलाश मांजू गैंग के गुर्गे राकेश मांजू पर जानलेवा हमला करने और फायरिंग मामले में भी आरोपी फरार चल रहा था। बचने के लिए कई राज्यों में छिपता फिरा : पुलिस से बचने के लिए आरोपी दक्षिण भारत के राज्यों सहित महाराष्ट्र, गुजरात के विभिन्न जगहों पर फरारी काट रहा था। आरोपी विक्रम सिंह नांदिया गैंग का मुख्य शूटर है। उसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण भोपालसिंह लखावत के सुपरविजन में जिला विशेष टीम के प्रभारी श्रवण कुमार भंवरिया मय टीम ने कांस्टेबल सुरेश कुमार की आसूचना एवं तकनिकी डाटाबैस के आधार पर पकड़ा है तथा आगामी जांच व कार्रवाई के लिए पुलिस थाना भोपालगढ़ को सुपुर्द किया।

कांवड़ियों की मौत पर शुरू की भूख हड़ताल समाप्त

अलवर । अलवर के लक्ष्मणगढ़ के बिचगांवा में गुरुवार सुबह ग्रामीणों की भूख हड़ताल खत्म हो गई। जो दो कांवडियों की मौत और 30 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद सरकार की ओर से कम मुआवजा दिए जाने का विरोध कर रहे थे। अब अचानक भूख हड़ताल पर बैठे लोगों ने हड़ताल खत्म कर दी। इसके बाद गांव का प्रतिनिधिमंडल अलवर कलेक्टर से मिलने गया। लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो सका कि किन शर्तों पर भूख हड़ताल खत्म की गई। ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी नहीं है। जिसके कारण ग्रामीण और मृतक के परिजनों में असमंजस बना हुआ है।

23 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे कांवडिए परिवार व ग्रामीणों के साथ डीजे के साथ नाचते गाते शिवजी के मंदिर की तरफ जा रहे थे। लेकिन अचानक राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के सामने रोड के ऊपर से जा रही बिजली के करंट से पिकअप छू गई। जिससे आए करंट से दो कांवडियों की मौके पर मौत होगई। वहीं 30 से अधिक कांवडिए और ग्रामीण घायल हुए हैं।

इन मृतकों को सरकार ने बिजली विभाग से 5 लाख रुपए और आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। लेकिन ग्रामीणों ने उसी दिन विरोध जताया। मृतकों का अंतिम संस्कार करने के अगले दिन गांव के लोग बस स्टैंड पर भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। करीब 5 दिन तक भूख हड़ताल पर रहे। अब अचानक रात को अधिकारी ग्रामीणों से मिले।

निर्देश दिये

अलवर । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर आज अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर, नगर निगम आयुक्त एवं उपखंड अधिकारी अलवर ने नगर निगम की टीम के साथ शहर का सघन दौरा कर जलभराव की स्थिति व साफ-सफाई व्यवस्था आदि का जायजा लेकर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार नरूका एवं उपखंड अधिकारी अलवर (कार्यवाहक) सुश्री ऐश्वर्या प्रजापति ने शहर में तिजकी शमशान घाट, बस भगत सिंह सर्किल तक के आसपास के क्षेत्रों में दौरा किया ।

भारी बारिश की संभावना, रेलवे अलर्ट मोड पर

जोधपुर, (कासं)। मानसून अवधि में भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर रेलवे अलर्ट मोड पर है तथा विपरीत परिस्थितियों में संरक्षित और सुरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष प्रबंधन किए गए हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि वर्षों के अनुमान के आधार पर जिन रेलखण्डों में अत्यधिक बारिश की संभावना होती हैं ऐसे स्थानों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। इसके लिए मंडल स्तर पर किए गए इंतजाम की समीक्षा के बाद त्रिपाठी ने जानकारी दी कि बारिश की अधिकता वाले स्थानों पर ट्रैक के कटाव की स्थिति से निपटने के लिए मिट्टी के कट्टे, रोड़ी इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि भारी बारिश के कारण ट्रैक के नीचे मिट्टी के कटाव होने पर तुरंत ठीक कर रेल संचालन को सुचारू किया जा सकें। अंडर पास पर विशेष निगरानी : मानसून के समय भारी बारिश के कारण रेलवे अंडरपास में भी पानी भर जाता है जिससे सडक़ उपयोगकर्ताओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

जर्जर बिल्डिंग पर दोषी को दण्डित किये जाने की मांग

- **जर्जर बिल्डिंग का वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए स्कूल प्रधानाचार्य का ही मुख्यालय बदल डाला**

ब्यावर (निसं) । हाल ही में नून्द्रीमेन्द्रातान स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ब्लॉक जवाजा की जर्जर बिल्डिंग का उस स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा ब्यावर द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए स्कूल प्रधानाचार्य को ही आगामी आदेश तक मुख्यालय बदल डाला साथ ही कारण बताओ नोटिस तक जारी कर दिया। जबकि उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने सोश्यल मीडिया पर जर्जर स्कूल का विडीयो शेयर किया था। काश इतनी फुर्ती वर्ष 2023 में जब स्कूल प्रशासन ने जर्जर बिल्डिंग की लिखित सूचना जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा को दी तब दिखाई होती तो आज ऐसी नौबत ही नहीं आती। स्कूल प्रशासन वर्ष 2023 से जिला शिक्षा अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी को लगातार जर्जर बिल्डिंग के बारे में लिख रहा है व बिल्डिंग में किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की आशंका जाहिर कर रहा है व लगातार बजट की मांग कर रहे है ऐसे में इसके लिए मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जिला परियोजना समन्वयक अजमेर व उपखण्ड अधिकारी ब्यावर सीधे तौर पर जिम्मेदार व जवाबदार है।

संगठन ने ब्यावर जिले के कई स्कूलो का दौरा किया लेकिन स्कूल प्रशासन इतना डरा हुआ है कि वो जर्जर बिल्डिंग के संबंध में कोई भी जानकारी देने को तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि जो दोषी है उन्हें तो अभय दान दे दिया जाता है और जो प्रशासन को लगातार जगा रहा है उसे उसकी जागरूकता के लिए उन्हे इस तरह से दण्डित किया जा रहा है। जो किसी भी नजरिये से उचित नहीं है। जिससे ग्रामीण वासियो व आम जन में भी भारी रोष है। मासूम बच्चों की जान बचाने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नून्द्री मेन्द्रातान के प्रधानाचार्य को आने वाली 15 अगस्त 2025 को न केवल जिला स्तर पर सम्मानित किया जाये वरन उन्हें पुन: उसी स्कूल बहाल किया जावे व तत्समय के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जिला परियोजना समन्वयक अजमेर व उपखण्ड अधिकारी ब्यावर के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की अनुशंसा की जावे व हमारे संगठन को की गई समस्त कार्यवाही से अवगत भी कराने का श्रम करावे।

कृषि कार्यों की चर्चा

भरतपुर । कृषि संभाग भरतपुर की मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें जुलाई माह की विभागीय प्रगति की समीक्षा की गयी तथा अगस्त माह में किये जाने वाले कृषि कार्यों की चर्चा की गयी ।

कृषि संभाग भरतपुर के मास्टर ट्रेनर एवं कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि जो किसान जुलाई माह में फलदार बगीचे नही लगा पाये हैं, वे अगस्त माह में फलदार पौधे लगा सकते हैं। ध्यान रखें कि पौधे उन्नत किस्म के हो तथा वानस्पतिक विधि जैसे कलम, ठाफ्टिंग या वडिंग आदि से तैयार होने चाहिए क्योंकि बीजू पौधे शुद्ध किस्म के नही होते हैं तथा देर से फल देना शुरू करते हैं। डॉ. उदय भान सिंह ने फल एवं सब्जियों में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की पहचान एवं उनके नियंत्रण के उपाय बताये। नीबू की तितली व सिट्रस सिल्ला के नियंत्रण के लिए क्यूनालफॉस 25 ईसी 1.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें। नीबू में लीफ माइनर की रोकथाम के लिए इमीडाक्लोप्रिड 0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें। अमरूद में फल मक्खी के नियंत्रण के लिए मेलाथियॉन 50 ईसी एक मि.ली. प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें। टमाटर, बैंगन, मिर्च में पर्णकुंचन व मौजेक के लिए इमीडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल 0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें।

तलावडा सहकारी समिति में 3.66 करोड का गबन

कलेक्टर से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, हड़ताल खत्म करने की शर्तें नहीं बताईं

खाताधारकों ने गंगापुर सिटी में तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

गंगापुर सिटी । उपखंड के ग्राम तलावडा में ग्राम सेवा सहकारी बैंक लिमिटेड में बडे पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। स्थानीय खाताधारकों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार बृजेश सिहरा को ज्ञापन सौंपकर पदाधिकारियों द्वारा किए गए 3.66 करोड रुपए के गबन की शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञापन में बताया गया है कि सहकारी समिति का संचालन व्यवस्थापक सुरेश चंद्र शर्मा, सहायक व्यवस्थापक अखय सिंह और अध्यक्ष रूप सिंह गुर्जर द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इस पंजीकृत संस्था पर विश्वास करते हुए मिनी बैंक में अपने बचत खाते और सावधि जमा खाते खुलवाए थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पदाधिकारियों ने उनकी जमा राशि का गबन कर विश्वास भंग किया है। जब खाताधारकों ने अपनी एफडीआर और बचत खातों की रकम मांगी, तो पदाधिकारियों ने बहाने बनाकर भुगतान टालते रहे। कागजों में एफडीआर को रिन्यू कर फर्जीवाडा भी किया गया और इसका कोई इंद्राज नहीं किया गया। 9 जून 2०25 को प्रबंधन निदेशक, सवाई माधोपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड ने तलावडा ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष को 3.66 करोड रुपए के गबन के संबंध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अध्यक्ष द्वारा अब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पीडित खाताधारकों ने कलेक्टर से गबन की जांच करवाने और दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपनी गाढी कमाई की राशि वापस दिलाने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष का भी इस गबन में पूर्ण सहयोग रहा है और उन्होंने अनुचित लाभ प्राप्त किया है। ग्रामीणों ने मिनी बैंक में जमा राशि दिलवाने और दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सत्येंद्र गौतम, हनीफ, बद्री, मुकेश बंसल, आदि मौजूद रहै।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोलह को

बोरावड(निस)। सनातन धर्म सेवा समिति बोरावड़ की बैठक स्थानीय सदर बाजार स्थित गोपीनाथ मन्दिर प्रांगण में समिति के अध्यक्ष एडवाकेट कैलाशचन्द काबरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चर्चा के पश्चात 14 अगस्त को हल्दी चन्दन तथा 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाये जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। सनातन धर्म सेवा समिति के मंत्री मनोज अठावाल ने बताया कि बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त को हल्दी चन्दन पर्व के उपलक्ष्य में गोपीनाथ-रघुनाथ मन्दिर सहित शहर के अन्य मन्दिरों की आकर्षक रोशनी से सजावट की जाएगी । इसी प्रकार 15 अगस्त की रात्रि गोपीनाथ मन्दिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

एकल अभियान की दो दिवसीय मासिक बैठक संपन्न

- **सभी कार्यकर्ताओं को रक्षा सूत्र बांधकर देश की रक्षा के लिए काम करने का संकल्प करवाया।**

ब्यावर (निसं) एकल अभियान अंचल अजमेर की दो दिवसीय मासिक बैठक ब्यावर आशापुरा माता मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में वन बंधु परिषद ब्यावर महिला समिति द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को रक्षा सूत्र बांधकर देश की रक्षा के लिए काम करने का संकल्प करवाया। वन बंधु परिषद की 30 माताओ ने एकल अभियान के अंचल टोली सच प्रमुख के साथ मिलकर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में वन बंधु परिषद ब्यावर की संरक्षक मंजू भूतड़ा ने कहा हमारे एकल के कार्यकर्ता जो दिन रात देश की सेवा में लगे हुए हैं एकल अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का दीप जला रहा है। आओ हम सब मिलकर और इस शिक्षा के दीप को और आगे बढ़ाएं। वनबंधु परिषद ब्यावर की अध्यक्ष संतोष रांका ने एकल अभियान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, संस्कार, शिक्षा, स्वावलंबी, बनाने का काम कर रहा है। सचिव उषा मोदी, कोषाध्यक्ष उर्मिला, अनीता,मनीषा कांकाणी, सुनीता, बबीता, नीतू, विमला, इंदु ,रेणुका, शारदा, प्रतिभा, प्रमिला, मधु एवं अन्य महिला समिति सदस्य माताओ ने रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया एकल अभियान के कार्यकर्ता भाग प्राथमिक शिक्षा प्रमुख सत्यनारायण, रथ आयोजन प्रमुख महेश शर्मा, भेरुलाल गुर्जर, अंचल अभियान प्रमुख (जिला संगठन मंत्री) ने कहा तन अर्पण मन अर्पण अर्पण है यह जीवन इस मातृभूमि की सेवा के लिए हम सब मिलकर आवो शिक्षा का दीप जलाएं सभी ने माता का धन्यवाद अर्पित किया।